प्रादेशिक समाचार

दिनांक–21.01.2025 (दोपहर–1455 बजे)

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज शाम चार बजे राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक करेंगे। रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में होने वाली इस बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित कई प्रस्तावों को मंजूरी मिल सकती है। बैठक में राज्यकर्मियों के स्वास्थ्य बीमा योजना के संशोधित प्रस्ताव को भी स्वीकृति मिलने की संभावना है।

****

रांची में आयोजित भाजपा के संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश प्रवक्ता अमित मंडल ने राज्य सरकार पर 1300 करोड़ रुपये के बिना ऑडिट खर्च का आरोप लगाया है। उन्होंने कोरोना काल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 700 करोड़ और कृषि विभाग में 600 करोड़ रुपये के खर्च का लेखा–जोखा नहीं होने की बात कही। उन्होंने इस मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मंत्रियों से जवाब मांगा है।

****

सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और मनोज तिवारी के खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने के झारखंड हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। मामला मार्च 2023 में देवघर एयरपोर्ट पर उड़ान भरने के लिए दबाव बनाने का था। झारखंड सरकार की याचिका खारिज करते हुए कोर्ट ने सीआईडी की जांच पर सवाल उठाए। कोर्ट ने कहा कि नागरिक विमानन मामलों की जांच डीजीसीए का अधिकार है।

****

राज्य के नगर विकास, पर्यटन और उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा है कि झारखंड में जल्द ही ट्राइबल टूरिज्म शुरु होगा। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि पहला ट्राइबल टूरिज्म तमाड़ के अड़की से उलिहातू होते हुए विकसित किया जायेगा। यहां पर्यटक भगवान बिरसा मुंडा की जन्म स्थली के साथ ही आदिवासी संस्कृति, रहन–सहन और खान–पान से भी रुबरु होंगे।

****

राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर स्कूली शिक्षा की समस्या और जैक अध्यक्ष के पद को लेकर चर्चा करेंगे। इस चर्चा के बाद स्कूली शिक्षा सचिव को जैक अध्यक्ष का प्रभार मिल सकता है। बैठक में इस साल की मैट्रिक और इंटर परीक्षा की तैयारी को लेकर भी चर्चा होगी।

****

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के दौरान आग की घटनाओं से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गये हैं। लाखों कल्पवासियों और करोड़ों श्रद्धालुओं को आकर्षित करने वाला मेला क्षेत्र को व्यापक अग्नि सुरक्षा के बुनियादी ढांचे से सुसज्जित किया गया है। एक रिपोर्ट

****

देवघर के मधुपुर में पंच मंदिर रोड स्थित श्याम मंदिर और हनुमान मंदिर से चोरों ने करीब 20 लाख रुपये के जेवरात की चोरी कर ली। मंदिर के दरवाजे में लगे ताले को तोड़कर चोरों ने देर रात घटना को अंजाम दिया। बताया जाता है कि चोरों ने खाटू वाले बाबा श्री श्याम और बजरंगबली की प्रतिमा के ऊपर लगे चांदी के मुकुट, छत्तर, तीर–धनुष और हार समेत कीमती आभूषणों की चोरी कर ली। घटना की सूचना पुजारी रामनरेश ने मंदिर प्रबंधन और पुलिस प्रशासन को दे दी है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरु कर दी है।

****

आपराधिक घटनाओं के पीड़ितों को त्वरित न्याय के लिए इन दिनों बोकारो पुलिस एक्शन मोड में कार्य कर रही हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

****

हॉकी इंडिया लीग में आज महिला वर्ग में, जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब का सामना ओडिशा वारियर्स से होगा। मैच रांची में शाम 6 बजे से शुरू होगा। पुरुष वर्ग में यूपी रुद्रास का सामना टीम गोनासिका से होगा। ये मैच राउरकेला में रात सवा आठ बजे से खेला जाएगा।

*******समाप्त*******